दिनांक 28 मार्च 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निगमायुक्त सुंदरानी ने किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने गत दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक अंतर्गत अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली थी जिसमें कार्य की गुणवत्ता, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति एवं पूर्ण आवास आदि के संबंध में गहन समीक्षा हुई थी! बता दें कि मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत 4938 की स्वीकृति प्राप्त है जिसमें से 1488 मकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है इसमें 754 प्रगतिरत है तथा 734 पूर्ण हो चुका है! आज सुबह ही दुर्गा मंदिर स्कूल खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त द्वारा दिलीप कश्यप ,रेणु देवी खोरबाहरइन वर्मा , राधिका देवी ,नंद किशोर भगत, शक्ति चंद चौधरी, रेखा चौधरी आदि के निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निरीक्षण किया ! आयुक्त द्वारा निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से चर्चा की गई ,किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है या कोई आपसे पैसे की मांग तो नहीं कर रहा है इस पर सभी हितग्राहियों ने नहीं में जवाब दिया परंतु शक्ति चंद चौधरी ने बताया कि के.वाई.सी. नहीं होने के कारण प्रथम किस्त की राशि नहीं मिल रही है इस पर आयुक्त ने श्री चौधरी को के.वाई.सी. जल्द ही बनाने कहा!
श्री सुंदरानी ने पूर्ण हुए आवास की गुणवत्ता को देख कर प्रसन्नता जाहिर की!
निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना आर.के. साहू, जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 एवं प्रभारी अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना एस.पी. साहू, सहायक अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता जयंत शर्मा, सिटी लेवल टेक्निकल सेल के आशुतोष ताम्रकार ,सुधांशु शर्मा , वास्तुविद नमन भट्ट , अविनाश जैन आदि उपस्थित रहे!

संलग्न-फोटो

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो'' ''पर्यावरण से नाता जोड़ो''